तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 14 मई 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



11 गौ ग्राम जन जागरण अभियान का नवापारा से...





12 कुर्रूभाठा जंगल पहुंचा हाथियों का दल, ग्रामीणों...









## खबर संक्षेप

### एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने शिविर 16 को

**मैनपुर।** जिले के अंतर्गत 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त प्रकार के सीजी 23 वाहन, मोटरसायकल, कार, ऑटो, टैक्सी, हल्के व भारी मालवाहन, यात्री वाहन व स्कूल बसों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। जिसके सफल क्रियान्वयन एवं जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखकर परिवहन विभाग गरियाबंद द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 16 मई को वन विभाग परिसर मेन रोड मैनपुर में शिविर लगेगी। एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने दो पहिया वाहन के लिए 366 रुपए, तीन पहिया वाहन के लिए 427 रुपए, चार पहिया वाहन के लिए 656 रुपए एवं भारी वाहन के लिए 706 रुपए के शुल्क लगेगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि शिविर में लोगों को आवेदन के लिए वाहन की आर.सी. बुक की प्रति, आधार कार्ड की प्रति और मोबाईल नंबर साथ लाना अनिवार्य है। आवेदन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से होगा। जो आवेदक पोर्टल चलाने में सक्षम नहीं है, उनके लिए ▶▶| शेष पेज 10 पर

**अनदेखी :** बाराती से ठसाठस भरी गाड़ियां रात तक मेनरोड पर दौड़ रही

# सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी मालवाहकों में ढोए जा रहे बाराती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

इस बार समूचे क्षेत्र में बेतहाशा शादियां हो रही है। बारात और चौथिया का सिलसिला भी चल ही रहा है। देखने वाली यह है कि लोग अब यात्री बसो में बारात ले जाने की बजाए छोटे-बड़े मेटाडोर, छोटे हाथी और ट्रैक्टर का खुलकर उपयोग कर रहे है। ये तस्वीर सोमवार शाम 5:35 बजे की है, जो गरियाबंद की ओर जाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से चंद कदम आगे चालक ने बस स्टेण्ड में रोका। इस मालवाहक छोटे हाथी में कम से कम 30 से 35 लोग सवार थे, जो एक दूसरे के ऊपर डटे हुए थे। इसमें ज्यादातर महिलाएं और युवतियां सवार थी। ऊपर से तुर्रा यह कि पीछे में लटकन भी था। मतलब तीन-चार लोग लोहे की डंडी को पकड़कर खड़े हुए थे। चूंकि नवापारा बस स्टेण्ड में एक भी पुलिस के जवानों की डयुटी नहीं लगती लिहाजा लोग बड़े ▶▶| शेष पेज 10 पर

### अब तक 27 वाहन चलकों पर हुई चालानी कार्रवाई



राजिम टीआई श्री साहू ने शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ एक तरह से अभियान चलाया हुआ है। कोई इनके नजर से बच नहीं सकते। जनवरी से लेकर अब तक इन्होने 27 लोगों के खिलाफ चालान काटकर कार्रवाई किया है। नशे में गाड़ी चलाने वालों के कारण अधिकतर घटना-दुर्घटना होती है इस पर रोकथाम के लिए 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 10 हजार रूपए का चालान काटते हैं। क्षेत्र के लोगों को यह मालूम हो गया है कि अब राजिम से अपने गांव जाने के लिए निकलने वाले लोग पीकर नहीं चलते। पीना ही होता है तो वे दारू को अपने डिक्की में रखकर निकल लेते है। रास्ते में कहीं जगह मिलता है तो डिस्पोजल और चखना खोलकर बैठ जाते हैं।

### समझाइस का असर दिखा

रायपुर जिले के नवापारा पुलिस की बजाए सिर्फ महानदी एक किमी की आड़ में गरियाबंद जिले के राजिम पुलिस तारीफ के हकदार है। उन्होने ऐसे मालवाहक वाहनों के ड्रायवर और संचालकों की एक बैठक पिछले दिनों बुलाई थी। इस बैठक में 70 लोग पहुंचे थे। उन्हें साफ शब्दों में समझा दिया गया था कि मालवाहक वाहनों का उपयोग छट्ठी, बाराती अथवा चौथिया या पिकनिक में ले जाना उचित नहीं होगा इसमें मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। राजिम पुलिस के जागरूक टीआई अमृतलाल साहू के समझाइस का असर इस बार क्षेत्र में देखने को मिला।

### रसेला में समाधान शिविर आज



**रसेला।** सरकार की मंशानुरूप प्रदेश के साथ 14 मई को वनांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत रसेला में समाधान शिविर का आयोजन आज किया जाएगा। इस शिविर में भाग लेने वाले ग्राम पंचायतों रसेला, रूवाड, मुढीपानी,मेडकीडबरी, कुडेरादादर, दादरगाव नया, कोठीगाव, पड्रीपानी ▶▶| शेष पेज 10 पर









# अघोषित बिजली कटौती ने बढ़ाई लोगों की परेशानी, पाण्डुका अंचल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

## बरसात के पहले बिजली विभाग की आंख मिचौली शुरु

बरसात अभी लगी नहीं है और बिजली विभाग की आंख मीचौली अभी से चालू हो गया है। यह कोई नई बात नहीं है कि बिजली विभाग की व्यवस्था लचर है और जिसे बार-बार बोलने के बाद भी सुधारा नहीं जाता वर्तमान कनिष्ठ यंत्री पाण्डुका के भरोसे अंचल की बिजली व्यवस्था की स्थिति इतनी दयनीय है कि लोग अपने घरों में कोई भी कार्यक्रम का आयोजन भी नहीं कर सकते या तो उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था का किसी जनरेटर की व्यवस्था पड़ती है या फिर अन्य साधन से काम चलाना पड़ता है। आप उम्मीद नहीं कर सकते कि आपके घर में 24 घंटे बिजली रह सकती है क्योंकि कनिष्ठ यंत्री सीएसपीडीसीएल पांडुका की लचर व्यवस्था की वजह से पांडुका अंचल के लगभग 30 गांव में आए दिन बिजली गुल की समस्या बनी रहती है। हल्का से हवा चला नहीं.... हल्का से मौसम खराब हुआ नहीं और बिजली गुल.... अंचल के उपभोक्ताओं ने बताया की फोन लगाओ तो फोन रिसीव नहीं करते ईमानदारी से बिजली भुगतान करने वाले उपभोक्ता इसी आस में महीने के महीने भुगतान करते हैं कि बिजली व्यवस्था की सुविधा मिलेगी पर अंचल के लोगों को कहां नसीब होगा, हाल ही में शादी का सीजन चल रहा है और गांव में कई धार्मिक आयोजन भी हो रहा है ऐसे में बिजली विभाग सही बिजली नहीं दे पाती जिस वजह से लोग हलाकान और परेशान हैं साथ ही गर्मी इतनी कि लोग घरों में 42 से 43 डिग्री में तप रहे हैं। कूलर, पंखा, ए सी ही सहारा है पर बिजली रहे तब इसका कोई इस्तेमाल करें। सभी के जुबान पर बस विभाग को कोसते नजर आते हैं। हाय रे बिजली व्यवस्था कब सुधरेगा।




### नहीं हो रही कटौती

नेहा मतावले कनिष्ठ यंत्री को फोन लगाने से फोन रिसीव नहीं किया। जीपी बारले सहायक यंत्री ने कहा की लाइन कटौती नहीं किया जा रहा है। एबी स्वीच का ऑप्शन नहीं। काम करने के लिए लाइट को बंद करना ही पड़ता है। दुलारी साहू जनपद सदस्य जनपद पंचायत छुरा अंचल वाले और मै भी बिजली कटौती से इतनी परेशान थी। कई लोगों ने मेरे पास बार बार फ़ोन करके विद्युत कटौती के बारे में बोले तो मै सीएसपीडीसी एल पाण्डुका में आवेदन भी की हूँ लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ। अब मै मुख्यमंत्री जनदर्शन में आवेदन लगाने की सोच रही हूं।

## खबर संक्षेप




### पिपरौद स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**नवापारा-राजिम**। कक्षा दसवीं में यश साहू पिता संतोष साहू ने 92.5% लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान, नेहाल राजवंशी पिता किशोर राजवंशी 83% द्वितीयस्थान,ऋषि राजवंशी पिता अमल राजवंशी 79.66 तृतीय स्थान, पर रहे कक्षा दसवीं में कुल 53 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 40 बच्चे उत्तीर्ण हुए, प्रथम श्रेणी 15, द्वितीय श्रेणी 25, तृतीय श्रेणी 0, कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 75.47% रहा। रूपेश कुमार साहू पिता सीताराम साहू कक्षा 12वीं 88.4% कक्षा 12वीं में रूपेश कुमार साहू पिता सीताराम साहू ने 88.4% लाकर, कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान, भावेश कुमार पिता रामानंद साहू 77.6% द्वितीय स्थान, दुर्गेश कुमार साहू पिता गणपत साहू 76.8% तृतीय स्थान पर रहे । कक्षा 12वीं में कुल 61 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में 23, द्वितीय श्रेणी में 22, एवं तृतीय श्रेणी में 2, कल 47 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 77.4 प्रतिशत रहा। बच्चों के अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के प्रभारी प्रचार कृष्णा देवांगन, योगेश साहू ,अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति समिति के समस्त सदस्य ,ग्राम पंचायत पिपरौद के सरपंच दुलेश्वरी-भीखम साहू, समस्त स्टाफ सदस्य, एवं ग्रामवासियों ने बधाइयां दी है।

### विवेकानन्द विद्यापीठ रायपुर में प्रवेश के लिए पंजीयन 17 मई तक

**गरियाबंद**। छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त विवेकानन्द विद्यापीठ कोटा रायपुर द्वारा सत्र 2025-26 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए निःशुल्क आवासीय शिक्षा (निवास, भोजन, शिक्षण) की सुविधा के साथ कक्षा तीसरी, छठवी, नवमी एवं ग्यारहवीं में सीमित सीटों पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 मई 2025 निर्धारित है। प्रवेश परीक्षा कक्षा नवमी के लिए 03 जून मंगलवार, कक्षा छठवी के लिए 04 जून बुधवार एवं कक्षा तीसरी के लिए 05 जून गुरूवार को प्रातः 11 बजे विवेकानंद विद्यापीठ कोटा रायपुर में आयोजित की गई है। प्रवेश परीक्षा के लिए कक्षा तीसरी में प्रवेश के लिए अधिकतम आयु 01 जुलाई 2025 की स्थिति में 9 वर्ष 6 माह निर्धारित है। कक्षा छठवीं व नवमी के लिए पिछली कक्षा में प्रथम श्रेणी (60 प्रतिशत या अधिक अंक) अनिवार्य। प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि शनिवार, 17 मई 2025 निर्धारित है। आवेदन पत्र विद्यालय में सीधे अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजे जा सकते हैं। कक्षा ग्यारहवी के लिए प्रवेश मंगलवार, 27 मई 2025 तक प्राप्त आवेदनों के आधार पर कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा के प्राप्तांकों एवं उपलब्ध सीटों के आधार पर किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा में विषयवार अंक निर्धारण किया गया है (गणित, हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान आदि)। चयनित विद्यार्थियों को 17 से 20 जून 2025 तक दस्तावेज सत्यापन के लिए संस्था विवेकानंद विद्यापीठ कोटा रायपुर में उपस्थित होना आवश्यक है।

## शिविर : जिले के ग्राम पंचायत सढ़ौली में समाधान शिविर का हुआ आयोजित

# आवेदनों के निराकरण के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तन्मयता के साथ कर रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तन्मयता से कार्य कर रहा है। सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समाधान शिविरों का लगातार आयोजन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सढ़ौली में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत सढ़ौली सहित 10 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण भी किया गया। सभी विभागीय अधिकारियों ने विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरणों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, कलेक्टर बीएस उइके एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। शिविर में हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इनमें हाईस्कूल की छात्रा कुमारी ओमिका साहू एवं नम्रता निषाद तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा कुउमोदनी साहू एवं पिंकी यादव शामिल है। इसके अलावा जल शपथ एवं वृक्षारोपण के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान जनपद सदस्य श्री भीम निषाद ने अपनी पुत्री के जन्म दिवस में 10 हजार पौधरोपण करने की बात कही।




### दवाईयों का किया गया वितरण

शिविर में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों एवं हितग्राहियों ने सुशासन तिहार के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं राज्य सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मछली पालन, पशुधन विकास, लोक निर्माण, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, जिला सहकारी, श्रम विभाग, आयुर्वेद विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। शिविर में जनपद पंचायत गरियाबदं के अध्यक्ष सोहन ध्रुव, उपाध्यक्ष लेखराम साहू, जनपद सदस्य श्रीमती हेमा गिरी, सढ़ौली के सरपंच श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ जी.आर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम ऋषा ठाकुर, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गिरीश शर्मा ने किया।

### पांच हितग्राहियों को दी गई औषधी किट

समाधान शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दो नन्हें शिशुओं का अन्नप्राशन्न आयोजन किया गया तथा दो गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा डेयरी पालन से जुड़े पांच हितग्राहियों को औषधी किट का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा पांच-पांच किसानों को एग्री स्टेक प्रमाण पत्र एवं पीएम किसान सम्मान निधी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अवलोकन किया। स्टॉल में अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में प्रस्तुत शिकायतों एवं मांगों के आवेदनों का निराकरण होने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी और शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास देखने को मिला।

### निजी विद्यालय नियम शर्तों का पालन करना सुनिश्चित करें : जिला शिक्षा अधिकारी

**गरियाबंद**। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रत्येक निजी विद्यालय निम्न नियम शर्तों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा है कि जिस बोर्ड से संस्था को मान्यता प्राप्त है उस बोर्ड का नाम मुख्य द्वार पर लगाना/प्रदर्शित करना अनिवार्य है। जिस बोर्ड से मान्यता प्राप्त है उसी बोर्ड से सम्बंधित पाठ्य पुस्तक का पठन-पाठन अनिवार्य है। यदि छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त है तो छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित पाठ्य पुस्तक ही अपने संस्था में लागू करेंगे, इसके अतिरिक्त किसी अन्य निजी प्रकाशक का पाठ्य पुस्तक नहीं चलाना है और ना ही पालक को क्रय करने के लिए बाध्य करना है। यदि सीबीएसईई बोर्ड से संस्था को मान्यता प्राप्त है तो एनसीईआरटी द्वारा निर्धारित पाठ्य पुस्तक ही अपने संस्था में लागू करेंगे। इसके अतिरिक्त किसी अन्य निजी प्रकाशक का पाठ्य पुस्तक नहीं चलाना है और न ही पालक को क्रय करने के लिए बाध्य करना है।

सत्र के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा आयोजित केन्द्रीयकृत परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को संस्था में बेल्ट, टाई, बैग, युनिफार्म, जूता, नोटबुक एवं अन्य सामग्री की बिक्री नहीं करना है और ना ही किसी दुकान विशेष से क्रय करने के लिए पालक को बाध्य करना है। जिस संस्था द्वारा वाहन की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है, वहां न लाभ न हानि के सिद्धांत का पालन करते हुये वाहन का संचालन करेंगे। शिक्षा सत्र के आरंभ में प्रत्येक निजी विद्यालय अपने नोडल प्राचार्य के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उक्त नियम शर्तों का पालन न करने वाले एवं किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित निजी विद्यालय के प्रति शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# पाकिस्तान से आतंक वाद की लड़ाई में हम सभी को भारतीय सेना पर गर्व








**फिंगेश्वर**। भारत पाकिस्तान आंतक वाद की लड़ाई मे भारतीय सेना के सिंदूर आप्रेशन के तले उच्चस्तरीय प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के ड्रोन मिसाईल को इंटरसेप्ट कर हवा मे ही मार गिरया वहीं पर पाकिस्तान के 11 एयरबेस को बुरी तरह से तबह किया गया इसके लिए भारत की जनता भारतीय सेना के लिए नतमस्तक है। भारतीय सेना पर गर्व है। प्रधानमंत्री द्वारा आंतकी युद्ध के बीच सीजफायर करने पर हांलाकि लोगों मे असंतोष है लेकिन लोगों का कहना है कि भारत ने आतंक की लड़ाई करते हुए पाकिस्तान के 9 आतंकी कैंपो को ध्वस्त कर 100 आतंकियो को नाश किया है। जब देश मे सेना पाकिस्तान के खिलाफ अच्छे परफार्मेंस कर रही थी तब अमेरिका के राष्ट्रपति के बीच मे आना और दोनो देशों के बीच सीजफायर करा देना लोगों को खल रहा है।लोगो का कहना है कि पाकिस्तान कुत्ते की वह दूम है कि वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आता।उस देश की सेना एवं सरकार पर विश्वास करना अपने साथ धोखा करने के समान है। जब मैदान में उतर ही गये थे हमारी सेना को पीओके हर हाल में ले लेना चाहिए था और पाकिस्तान को इतना तोड़ देना चाहिए था कि उसे पटरी मे आने पर 50 साल लग जाते।खैर देश की जनता को अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने सीजफायर का निर्णय लिया है तो जरूर देश की एकता अखंडता एवं सुरक्षा को लेकर लिया गया होगा।लेकिन पहलगाम के हत्यारों को किसी भी कीमत पर सेना ढूंढे और उसे ठिकाने लगाये यही देश की जनता चाहती है।देश की भारतीय सेना पर हमे गर्व है। वे दुश्मन के छक्के छुड़ाने बाउडोर पर हर पल तैयार बैठी है।उक्त बाते कांग्रेस के वरिष्ट नेता ओमप्रकाश बंछोर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, शरद चतुर्वेदी, करीम खान, हरनारायण सूर्यवंशी आदि ने प्रेस वार्ता मे कही है।

### आदिवासी बालक क्रीडा परिसर में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**गरियाबंद**। आदिवासी बालक क्रीडा परिसर गरियाबंद में प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ी छात्रों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं से 12वीं तक अध्ययनरत खिलाड़ी छात्र इस क्रीडा परिसर में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश हेतु माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए अधिकतम आयु 14 वर्ष तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए अधिकतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। छात्र के आयु की गणना 01 जून 2025 की स्थिति में की जायेगी। चयन हेतु छात्र को 10-10 अंक का दस बैटरी टेस्ट देना होगा, कुल 100 अंक के टेस्ट में प्रत्येक छात्र को प्रत्येक टेस्ट में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। छात्रों का चयन सूची मेरिट के आधार पर जारी होगी। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के खेल में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। बैटरी टेस्ट 18 से 19 जून तक प्रातः 08:00 बजे से पी.एम. श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गरियाबंद के प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र बैटरी टेस्ट 18 जून 2025 तक आदिवासी बालक क्रीडा परिसर गरियाबंद में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# शिकार करने आया तेंदुआ, बना खुद कहानी; पोस्टमार्टम ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तेंदुआ आया था शिकार करने, लेकिन खुद बन गया कहानी, उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व रिसगांव के जंगल में किसान पर हमला करने के बाद घायल तेंदुआ झोपड़ी में बैठा था जिसे इलाज के लिए रेस्क्यू कर ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई आज मंगलवार को, पोस्टमार्टम में पुराने घावों और दूसरे तेंदुए के हमले के सबूत मिले है। ग्राम रिसगांव के पास मासूलखोई गांव में एक ऐसा घटनाक्रम सामने आया जिसने वन विभाग से लेकर ग्रामीणों तक को चौंका दिया। 55 वषएँय किसान रंजीत नेताम अपने खेत की रखवाली के लिए झोपड़ी में बैठा था, तभी अचानक जंगल से निकला तेंदुआ उस पर टूट पड़ा और घायल कर दिया वहीं तेंदुआ पहले से घायल था और उसके गर्दन में चोट और घाव हो गए थे। जैसे ही गांव वालों और वन विभाग को घटना की सूचना मिली, तेंदुए की तलाश शुरू हुई। ड्रोन से की गई निगरानी में जो नज़ारा दिखा, वो किसी सस्पेंस थ्रिलर से कम नहीं था वही तेंदुआ घायल अवस्था में उसी लॉरी में मिला, जहां उसने हमला किया था! वन विभाग की टीम ने उसे तत्काल रेस्क्यू कर नगरी के लिए रवाना किया, लेकिन रास्ते में ही तेंदुए ने दम तोड़ दिया। मृत नर तेंदुए की उम्र करीब 4 साल बताई गई।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने खोले जंगल के राज-** मंगलवार को 3 डॉक्टरों की टीम द्वारा किए गए पोस्टमार्टम में खुलासा हुआ कि तेंदुए की गर्दन के पीछे किसी अन्य बड़े तेंदुए के दांतों के गहरे निशान थे, जो 7–10 दिन पुराने थे। यानि यह तेंदुआ पहले से ही घायल था और संभवतः इसी वजह से आक्रामक हो गया। वन विभाग के उप निदेशक वरुण जैन ने जानकारी दी कि वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ शव परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि इलाके में वन्य प्राणियों की गतिविधि लगातार बनी हुई है, और विभाग अलर्ट पर है।



**अलर्ट जारी, ग्रामीणों को चेतावनी-** वन विभाग ने ग्रामीणों से जंगल के किनारे अकेले ना जाने की अपील की है। साथ ही निगरानी बढ़ा दी गई है क्योंकि यह तेंदुआ अकेला नहीं था हो सकता है कि जंगल में अभी और भी तेंदुआ आसपास घुमने की संभावना है।

## सड़क स्वास्थ्य, शिक्षा सहित बुनियादी सुविधाओं के लिए लोग तरस रहे

# क्षेत्र के विकास के लिए दृढ़ इच्छा की जरूरत : लोकेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर विकासखण्ड के दुरस्त वंनाचंल अंतिम छोर में बसा ग्राम पंचायत बिरीघाट एवं आश्रित ग्राम पानीगांव पहुंचे जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम का मंगलवार को ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया इस दौरान ग्राम व क्षेत्र के लोगो से लोकेश्वरी नेताम ने मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना और समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम ने कहा आजादी के सात दशक बाद भी हमारे इस आदिवासी दुरस्त वनांचल क्षेत्र के लोग मूलभुत समस्याओं से जुझ रहे है गांव में ग्रामीणों को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल पा रहा है आज भी सड़क स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी सुविधाओं के लिए लोग तरस रहे है क्षेत्र की जनता बेहद भोले भाले है इसलिए हमारे लोगो के साथ शोशण हो रहा है श्रीमती नेताम ने कहा इस क्षेत्र के लोगो को मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दृण इच्छा शक्ति की जरूरत है उन्होने कहा इस क्षेत्र के ग्रामो में सभी बुनियादी सुविधाए उपलब्ध कराना उनकी जिम्मेदारी है उन्होने क्षेत्र के लोगो से कहा यदि जरूरत पड़ी तो हम क्षेत्र के लोगो के लिए आन्दोलन करेगें। इस मौके पर प्रमुख रूप से गजमोहन वैष्णव, धरम सिंह यादव, लखन यादव अध्यक्ष वेदिगुड़ी निर्माण समिति जनपद सदस्य प्रतिनिधि गज्जू यादव, अगिन यादव, देवप्रसाद यादव, आशाराम प्रधान, डोमार वैष्णव, भुवन सिंह मांझी पूर्व सरपंच हरिराम प्रधान, पुनीत राम पुजारी, गिरजा, बंशीधर, मोतीलाल, गजमोहन दास, गाड़ाराम पटेल बलमत, दिलीप नेताम, कुलेश्वर यादव, गनशाय यादव, नीलाराम प्रधान, फूलसिंह मांझी, केसबो, जगन्नाथ पदमन धुर्वा, भावरसिंह धुर्वा, मानकी नेताम, कुन्ती बाई, इन्द्राबाई नेताम, कौल्यिा बाई, श्याम बाई, भूषण दिवान, विष्णु नेताम, रामबाई नेताम, गंगाराम, उमेश्वरी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण एवं पानीगांव में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किया।

## पेज 9 के शेष...

### एचएसआरपी नंबर प्लेट...

शिविर में सीएससी या पीएसके सेंटर की सहायता भी उपलब्ध रहेगी, जहां लोगों को फार्म भरवाने के लिए 50 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना होगा। लोगों से उपरोक्त शिविरों में आकर अपने वाहन का एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए आवेदन करना सुनिश्चित करने की अपील की गई है। शिविर में आवेदित वाहनों का नंबर प्लेट अगले दिन ही फिटमेंट भी किया जावेगा। परिवहन विभाग द्वारा आम जनमानस से इन शिविरों का लाभ अवश्य उठाने की अपील की गई है।

### सड़क सुरक्षा नियमों...

आराम के साथ ऐसे मालवाहक वाहनों में बाराती और चौथिया ढोते हुए बाकायदा सड़क के ऊपर खड़ी करते है, जिन्हें ढाबा जाना रहता है, वे ढाबा जाते है, और जिन लोगों को कोल्डड्रिंक अथवा गन्ना रस पीना होता है, वे उतरकर ऐसा भी करते है। मतलब मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने वाले चालकों को जरा भी पुलिस का भय नहीं है। ऐसी ठसाठस भरी गाड़ियों को सुबह से देर रात तक मेनरोड में दौड़ती हुई देखी जा रही है। मालवाहक वाहनों की रफ्तार भी देखने लायक होती है न उन्हें स्पीड ब्रेकर से मतलब रहता है और न ही सड़क के घुमावदार होने का। वे अपने धुन में चलते है। ड्रायवर यहां से बाराती छोड़कर वहां बराती लाने जाते है फिर चौथिया छोड़ने जाते है इस दौरान वे थके हुए होते है। उनकी नींद पूरी नही हुई होती है। कई तो नशे में रहकर गाड़ी चलाते है और दुर्घटना हो जाती है।

### रसेला में समाधान...

गोंड, कनसिघी, भरूवामुडा, सिवनी, केवटीझर, सेम्हरा, केवटीझर, पेंड्रा, टोनहीडबरी सहित 15 ग्राम पंचायत के ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों शामिल होंगे। कार्यक्रम का स्थान प्राथमिक और माध्यमिक शाला प्रांगण में सुबह 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन होगा। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना, शासकीय योजनाओं की समीक्षा और निगरानी करना, इसका असर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। शिविर में नए आवेदन लिए जाएंगे। शिविर को सफल बनाने के लिए सभी पंचायतों के सरपंचगण और सचिवों जुटे हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### 15 साल में भी अभिलेख दुरूस्तीकरण नहीं : टीकम

**राजिम।** जिले के राजिम तहसील में कोपरा-भेण्ड्री मार्ग के निर्माण में किसानो का जमीन अधिग्रहित हुआ। मुआवजा भी मिल गया मगर अभी तक अभिलेख दुरूस्तीकरण नही हुआ। मामला 2009 का है। किसानों का भुगतान 28 मार्च 2012 को मिल गया। यह जानकारी देते हुए भाजपा नेता टीकम चन्द



साहू ने बताया कि किसानो का नक्शा खसरा और बटांकन नहीं हुआ है जिससे बड़ी परेशानी हो रही है। अब विष्णुदेव साय सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार में किसानो ने अभिलेख दुरूस्तीकरण के लिए आवेदन लगाया गया है। बताया कि सन 2009 में कोपरा से भेण्ड्री सड़क मार्ग के लिए कोपरा एवं भेण्ड्री के लगभग पच्चीसों किसानों की खेतों का भू-अर्जन कई एकड़ किया गया। बाकायदा राज्य सरकार द्वारा मुआवजे की निर्धारित राशि भी संबंधित कृषकों को 28/3/2012 को प्रदान कर दी गई। परंतु राजस्व विभाग द्वारा सड़क निर्माण के पन्द्रह वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी अब तक अर्जित भूमि के नक्शे व खसरे का बटांकन नहीं किया गया है जो कि विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है। ऐसा नहीं कि किसानों द्वारा पटवारी को जानकारी नहीं दी गई। रिकॉर्ड में भी दिख रहा है। पर पटवारी,आरआई द्वारा दिलचस्पी न लिए जाने के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। श्री साहू ने कहा कि किसानों का सबसे ज्यादा वास्ता राजस्व विभाग से रहता है। उम्मीद है कि एसडीएम महाराणा किसानो की इस समस्या को बहुत जल्द हल कराएंगे।

### उमरदा हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल उमरदा में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 94.45 प्रतिशत रहा। कुल 22 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें से 21 उत्तीर्ण हुए और एक को पूरक की पात्रता हुई। प्रथम श्रेणी में 10 छात्र एवं द्वितीय श्रेणी में 11 छात्रों को सफलता प्राप्त हुई।
स्कूल की भूमिका पिता प्रमोद कुमार ग्राम अरंड ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। हेमा पिता छगन यादव ग्राम-उमरदा ने 83.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। भारती पिता पूषनकुमार ग्राम सिरगिड़ी ने 78.66 प्रतिशत अंक प्राप्त तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य पूनम कुमार चंद्राकर एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष राजू यादव ने शाला के अच्छे रिजल्ट पर हर्ष जताया।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 22 मरीजों का उपचार

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में मेंटल हेल्थ कैम्प आयोजित किया गया। जहां 22 मरीजों को निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया।

# भीषण गर्मी में पैरी घुमर जलप्रपात बना सुकून का ठिकाना, सुरक्षा नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के पैरी घुमर जल प्रपात इस भीशण गर्मी में लोगो राहत प्रदान कर रहा है। प्रतिदिन इस झरने में हजारो की संख्या में क्षेत्र व बड़े शहरों से पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। ठंडे पानी की इस झरने में तेज धुप के बीच लोग खुब अठखेलियां करते दिखाई दे रहे है और चारों तरफ पर्यटकों की भीड़ नजर आ रही है। जंगल के भीतर स्थित इस बेहद खूबसूरत जल प्रपात स्थल में सुरक्षा के कोई इंतिजाम नहीं है, जो चिंता का विषय हैं। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 22 किलो मीटर बिन्द्रनवागढ़ से 8 किलो मीटर दूर घने जंगल और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच पहुंच कर जायजा लिया तो दोपहर डेढ़ बजे लगभग 3 से 4 हजार लोगों और पर्यटकों के भीड़ यहां झरने के ठंडे पानी में पिकनिक मनाते और जमकर झरने में नहाने का आनंद लेते दिखाई दिए।

## प्राकृतिक सौदर्य से अच्छादित लोगों का मन मोह रहा

### बांध बना आकर्षण का केंद्र

भीषण गर्मी में जहां एक ओर क्षेत्र के प्रमुख प्राकृतिक जलप्रपात सुख गए है और वहां पानी नहीं है, वहीं दूसरी ओर पैरी घुमर जलप्रपात में लबालब पानी भरा हुआ है। क्षेत्र के प्रमुख सिंचाई परियोजना सिकासार जलासय के नीचे तेंदुबाय पंचायत क्षेत्र के चिखली से लगा पैरी घुमर बांध इन दिनों आकर्षण का मुख्य केन्द्र बना हुआ है। बांध के चारो ओर चट्टाने पैरी नदी की बहती कलकल की ध्वनी करती धाराएं जिसके चारो ओर हरे-भरे जंगल बड़े–बडे वृक्ष लोगो को अपनी ओर खींच रहा है, जो पिकनीक स्पाट के लिए बेहद खुबसुरत जगह है। प्राकृतिक सौदर्य से अच्छादित लोगों का मन मोह रहा है और पर्यटक भी इस जगह का भरपूर आनंद ले रहे है।






### नहाने का एक अलग आनंद

सिंचाई विभाग द्वारा सात-आठ साल पहले इस बांध का निर्माण किया गया था, लेकिन इस वर्ष इस पैरी घुमर में लोगो की अपार भीड़ अचानक उमड़ने लगी है, कारण लबालब पानी से भरा यह बांध और इसके झरने से गिरने वाले ठंडा पानी लोगों को बेहद राहत पहुंचा रही है। दुर्ग भिलाई से परिवार साथ पहुंचे मधुसुदन ठाकुर, पार्वती ठाकुर, रोहनी ठाकुर, धमतरी जिले से पहुंचे भागवत साहू, हिरा बाई साहू,हिना साहू ने बताया दोस्तो के माध्यम से पैरी घुमर जलप्रपात के बारे में पता चला यहां आने के बाद बहुत सुकून मिल रहा है। चारो तरफ घने जंगल है और ठंडा पानी में नहाने का एक अलग आनंद है, उन्होने बताया गर्मी का थोड़ा भी अहसास नही हो रहा है।

### 20 फिट ऊंचाई से युवा लगा रहे छलांग

लेकिन यह सुविधा कुछ भी नही है यहां सुरक्षा के लिए प्रशासन को व्यवस्था रखनी चाहिए। क्योंकि बांध के उपरी भाग जिसके उपर से लोग आना जाना करते है,



उसमें फिसलन है, कभी दुर्घटना घटने की संभावना है। रायपुर कॉलेज की छात्र प्रिति, मोनिका, अनिता, भावना, तेजस्वनी, राज,कौशल,विजय, गौरव ने बताया यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है, साथ ही चारो तरफ प्राकृतिक सुन्दरता है। 20 फिट ऊंचाई से छलांग लगाते युवाओं को देखकर सांस थम सी जाती है। पैरी घुमर जल प्रपात में कई युवा 20 फिट ऊंचाई से छलांग लगाते दिखाई दे रहे है, जो दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है। यह किसी खतरनाख स्टंट से कम नही है। यहां ऐसे हरकतों पर रोक लगाना चाहिए। आगे चलके यह काफी खतरनाक साबित हो सकता है।

## बैठक : छुरा में पीएम आवास योजना की समीक्षा, 22 को कारण बताओ नोटिस

# अप्रारंभ कार्यों को शुरू करें, प्रगतिरत कार्यों में लाएं तेजी : कलेक्टर उइके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कलेक्टर बीएस उइके ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना की गहन समीक्षा की। उन्होंने छुरा पहुंचकर ब्लॉक अंतर्गत चल रहे पीएम आवास एवं जनमन आवास योजना के कार्यों के संबंध में बैठक लेकर विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने पीएम आवास की धीमी प्रगति एवं कार्य अपूर्णता पर गहरी नाराजगी जताते हुए कुल 22 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इनमें 13 ग्राम पंचायत सचिव, 3रोजगार सहायक, 5 तकनीकी सहायक एवं 1 विकासखंड समन्वयक शामिल है। नोटिस पाने वालों सचिवों में ग्राम पंचायत मुढ़ीपानी, गायडबरी, कसेकेरा, नवापारा, कोसमी, मेढ़कीडबरी, भरवामुड़ा, रसेला, कनेसर, द्वारतरा, मुड़ागांव, पंडरीपानी गोंड एवं मुरमुरा के सचिव शामिल है। इसी प्रकार 5 तकनीकी सहायक लक्ष्मीकांत साहू, पवन ध्रुव, प्रियेश वर्मा, दिव्या साहू एवं विनय वर्मा तथा ग्राम रसेला, द्वारतरा एवं मेढ़कीडबरी के रोजगार सहायक एवं विकासखण्ड समन्वयक हर्षा वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने ब्लॉक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी कार्यों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत वार स्वीकृत कार्यों, प्रगतिरत, हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त आबंटन एवं अप्रारंभ कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने रुके हुए कार्यों को जल्द शुरू करने और जारी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम नेहा भेड़िया, सीईओ जनपद छुरा सतीश चन्द्रवंशी सहित पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



### हितग्राहियों को लाभान्वित करने लापरवाही ना बरतें



उल्लेखनीय है कि छुरा ब्लॉक अंतर्गत कुल 6 हजार 379 आवास वर्ष 2024-25 अंतर्गत स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 1 हजार 459 आवास पूर्ण हो चुके है। शेष प्रगतिरत है। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना अंतर्गत धीमी प्रगति वाले पंचायतों के अधिकारी कर्मचारियों को सक्रिय होकर प्राथमिकता में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों का जिओ टैगिंग भी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत सर्वे, जिओ टैगिंग, इंस्टॉलमेंट के नाम से अवैध वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस संबंध में शिकायत पाए जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करने कोई लापरवाही न बरते। सर्व संबंधित सक्रियता एवं गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए लोगों को योजना से लाभान्वित कराए।

### गंभीरतापूर्वक करें कार्य

कलेक्टर श्री उइके ने बैठक में कहा कि शासन के मंशानुसार हितग्राहियों के आवास समय पर पूर्ण हो, जिससे उन्हें आवास योजना का लाभ आसानी से मिल सके। आवास योजना की लगातार शासन स्तर से भी समीक्षा हो रही है। हितग्राहियों को लाभान्वित करने मैदानी अमले सक्रिय होकर गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनमन योजना अंतर्गत बन रहे आवासों की भी जानकारी ली। साथ ही संबंधित क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को कार्यों में तेजी लाते हुए शेष कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।



## गौ ग्राम जन जागरण अभियान का नवापारा से हुआ शुभारंभ

नवापारा-राजिम। मंगलवार को श्री गोपाल गौशाला से गौ ग्राम जनजागरण अभियान यात्रा का शुभारंभ नवापारा से हुआ। शुभारंभ अवसर पर गौ माता की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें विशेष रूप से महंत उमेशानंद गिरि ,डां. राजेंद्र गदिया, गोपाल यादव, अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, राजू काबरा, चंदू कंसारी, रूपेन्द्र चंद्राकर, होरीलाल साहू, मेघनाथ साहू, योगिता सिन्हा, मायाराम साहू, जीवन सेन, डॉ. वर्मा, डॉ. ओगरे, डॉ. अग्रहरि, सुंदर सिंह ठाकुर, पूरन साहू ,डॉ. चौहान, संतोष माखीजा, मोहन गोविंद, अग्रवाल शामिल थे। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्ग सदर रोड, बस स्टैंड गंज रोड, गांधी चौक होते हुए गौशाला में वापस पहुंचा।

### भगवान गौतम बुद्ध की जयंती मनाई गई

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर अम्बेडकर चौक में बौद्ध महार समाज द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध की जयंती मनाई गई। इस दौरान पूजा अर्चना किया गया साथ ही सुबह मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों को फल वितरण किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष ललित डाहटे, सचिव खिलेन्द्र कुटारे, नंदलाल वासनिक, रजनीश रामटेके, खन्ना रामटेके, झुमुक बाम्बोड़े, हेमंत बाम्बोड़े, अमीत रामटेके, रूपाली कुटारे, तिजिया बाम्बोड़े, शोभा रामटेके, सिया बाम्बोड़े, ईश्वरी बाम्बोड़े, केशर बाम्बोड़े, अनीता वासनिकर, चन्द्रकला वासनिकर, अजली बाम्बोड़े, पार्त बाम्बोड़े, श्वेता रामटेके, प्रियांसी कुटारे, सकुन्तला रामटेके एवं बड़ी संख्या में बौद्ध महार समाज के लोग उपस्थित थे।



# एकलव्य विद्यालय कोसमबुड़ा ने सीबीएसई 10वीं व 12वीं के परिणामों में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोसमबुड़ा ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। 13 मई को घोषित सीबीएसई परिणामों में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर न केवल अपने परिवारों बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं: 96.42% उत्तीर्णता दर के साथ शानदार प्रदर्शन किया। इस वर्ष कक्षा 10वीं की परीक्षा में कुल 56 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 54 बच्चे उत्तीर्ण हुए विद्यालय का उत्तीर्ण प्रतिशत 96.42% रहा, जो राष्ट्रीय औसत 93.66% से 3.22% ज्यादा है। शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा भावना ध्रुव ने 89.80% अंक हासिल किया। योगमाया ने 77.40% के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं रितिक ने 77.20% के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।कक्षा दसवीं में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली भावना ध्रुव आई आई टी से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करके तत्पश्चात यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर एक योग्य एवं सेवा समर्पित कलेक्टर बनना चाहती हैं। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली योगमाया शिक्षा के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहती हैं। तृतीय स्थान पर रहे रितिक इंजीनियर बनकर अपना सपना पूरा करना चाहते हैं। कक्षा 12वीं में 57छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें उत्तीर्णता दर 96.49% रही जो कि राष्ट्रीय स्तर 88.39% से 8.1% अधिक है। प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने इस उपलब्धि का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया।





# परसदा में पीएम आवास योजना के हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम पंचायत परसदा में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास हितग्राही मालती साहू, लता मेहर, मोहनी लहरी, लखन तारक एवं बिहारी साहू को पूर्ण आवास में गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर सरपंच रमेश वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका उद्देश्य हर घर को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। इस योजना में महिलाओं को स्वामित्व दिया जाता है, ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके। वहीं गृह प्रवेश करने पर हितग्राही महिला मालती साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बन जाने पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच रमेश वर्मा, मनरेगा मेट टीकू यादव, ग्राम पंचायत सचिव रामचंद्र तारक, रोजगार सहायिका माधुरी साहू, आवास मित्र धनंजय साहू, पूर्व उपसरपंच महेंद्र वर्मा,पंच मणी लाल साहू,तेजराम साहू, सतनामी समाज अध्यक्ष संतराम बारले, योगेश यादव शत्रुहन साहू, भानुप्रताप साहू व ग्रामवासी उपस्थित थे।



## चौथे दिन राजा बलि और वामन देव की सुनाई कथा

# हिरण्यकश्यप भगवान ब्रम्हा से वरदान पाकर बना अंहकारी : पंडित ऋषिकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

समीपस्थ ग्राम रजनकटा में यादव परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा दौरान भगवताचार्य पं. ऋषिकेश तिवारी द्वारा प्रभावी कथा वाचन किया जा रहा है जिसमें आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं। चौथे दिवस मंगलवार को भक्त प्रहलाद, वामन अवतार राजा बली की कथा कही। पंडित ऋषिकेश तिवारी जी ने बताया कि महर्षि कश्यप और उनकी पत्नी दिति के दो पुत्र हुए। जिसमें पहला हिरण्यकश्यप और दूसरा हिरण्याक्ष दिति के बड़े पुत्र हिरण्यकश्यप ने कठिन तपस्या करके ब्रम्हा को प्रसन्न करके यह वरदान प्राप्त कर लिया था कि वह ना किसी मनुष्य द्वारा मारा जा सकेगा ना पशु के द्वारा मारा जा सकेगा, ना दिन में मारा जा सकेगा और ना ही रात में मारा जा सकेगा, न घर के अंदर ना घर के बाहर और ना ही किसी अस्त्र-शस्त्र के प्रहार से मरेगा, भगवान ब्रम्हा द्वारा दिए गए वरदान के कारण हिरण्यकश्यप अंहकारी बन गया।





### राजा बलि ने देवताओं को युद्ध में किया था पराजित

वह अपने आप को अमर समझने लगा। उसने इंद्र का राज्य छीन लिया और तीनों लोक को प्रताड़ित करने लगा। वह चाहता था कि सब लोग उसे ही भगवान माने और उसकी पूजा करें। उसने अपने राज्य में विष्णु की पूजा को वर्जित कर दिया था। राजा बलि और वामन अवतार से जुड़ी कथा वामन देव भगवान विष्णु के अवतार हैं। असुरों के राजा बलि ने देवताओं को युद्ध में पराजित कर दिया था और स्वर्ग अपने कब्जे में ले लिया था। बलि की वजह से सभी देवता बहुत दुखी थे। दुखी देवता अपनी माता अदिति के पास पहुंचे और अपनी समस्या बताई। इसके बाद अदिति ने पति कश्यप ऋषि के कहने पर एक व्रत किया, जिसके शुभ फल से भगवान विष्णु ने वामन देव के रूप में जन्म लिया। वामन देव ने छोटी उम्र में ही दैत्यराज बलि को पराजित कर दिया था। बलि अहंकारी था, उसे लगता था कि वह सबसे बड़ा दानी है। भगवान विष्णु वामन देव के रूप में उसके पास पहुंचे और दान में तीन पग धरती मांगी। अहंकारी बलि ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। मेरा तो पूरी धरती पर अधिकार है, मैं इसे तीन पग भूमि दान कर देता हूं। कार्यक्रम का आयोजन अपने माता रामकुंवर बाई यादव के बरसी श्राद्ध में उनके पुत्र खेमलाल यादव एवं वेदप्रकाश यादव, लक्ष्मी कांत यादव एवं यादव परिवार द्वारा किया गया है।

# खुंटेरी स्कूल के 12वीं में नेहा एवं दसवीं में कुणाल प्रथम

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुटेरी संकुल केन्द्र बिजली में बारहवीं कक्षा में नेहा 77.4 प्रतिशत प्रथम पुष्पेंद्र कुमार 76.2 प्रतिशत द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं दसवीं में कुणाल 92.5 प्रतिशत प्रथम, आयुष कुमार 91.16 प्रतिशत द्वितीय एवं वल्लभ सोनी 89.66 प्रतिशत तृतीय एवं वेदभूषण यादव 88.66: अंक लेकर चतुर्थ स्थान पर रहे।




इस अवसर पर प्राचार्य याचना जोशी ने छात्र-छात्राओं की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि परिश्रम सफलता की कुंजी है। शिक्षा हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। सभी विद्यार्थी आत्मविश्वास एवं ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई करें तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। इस अवसर पर प्राचार्य याचना जोशी, शाला व्याख्याता एसएस ठाकुर, अश्वनी श्रीवास, एके बर्रे, एमएल तारक अर्चना ठाकुर, एस झा, सरिता जोल्हे, सीके वर्मा, ओपी दीवान ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

HEALTH TOWN
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# कुरूभाठा जंगल पहुंचा हाथियों का दल, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिवर्ज के कुरूभाठा जंगल क्षेत्र में मंगलवार को सुबह 4-5 की संख्या में हाथियों के दल पहुंचने से ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रही है। इन दिनों ग्रामीण वनोपज संग्रहण करने जंगल के तरफ जा रहे है लेकिन आज हाथियों के दस्तक से ग्रामीण जंगल के तरफ नहीं गए। वहीं दूसरी ओर वन विभाग एवं हाथी मित्रदल द्वारा गांव में पहुंचकर लोगों को जंगल के तरफ अकेले नहीं जाने की अपील किया जा रहा है। क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक टीकम नागवंशी, अमर सिन्हा, भानु सिन्हा एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया की आज सुबह ही क्षेत्र में हाथियों की आने की जानकारी लगी है। जिससे ग्रामीणों में दहशत देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया की हाथियों की संख्या 4 से 5 हो सकती है और यह हाथियों का दल तौरेंगा वन परिक्षेत्र के जंगल क्षेत्र से होते हुए उदंती अभ्यारण के कुरूभाठा जंगल क्षेत्र में पहुंच गया है। उदंती अभ्यारण के वनपरिक्षेत्र अधिकारी डीके सोनी ने बताया की हाथियों के दल आने की सूचना ग्रामीणों को दिया जा रहा है ताकि सुरक्षा के लिहाज से ग्रामीण जंगल की तरफ न जाए। उन्होने बताया मुनादी कराकर गांव में हाथी आने की जानकारी दी जा रही है।



## आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे जनपद सदस्य



**रसेला।** ग्राम रसेला के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर सभापति सहकारिता विभाग ने 13 मई को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद सदस्य ने आंगनबाड़ी केंद्र पर नामांकित बच्चों की उपस्थिति व बच्चों को दिए जा रहे पोषाहार की गुणवत्ता के साथ साथ केंद्र में साफ-सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त करने के लिए कहा गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी भवन का पुराना होने के कारण छत से स्लैब टूटने लगा है, नीचे का फ्लोरिंग भी जगह जगह गड्ढे बन गए है। बिजली बाधित होने के साथ वहां पर पानी की गंभीर समस्याएं बनी हुई है। जिसके कारण शौचालय का उपयोग नहीं हो पा रहा है। ऐसे आलम में नवनिहाल बच्चे अपने भविष्य कैसे गढ़ रहे हैं अंदाजा लगाया जा सकता है। जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा कि यहां की सारी समस्याओं को सामान्य सभा की बैठक में रखूंगा। इस मौके पर रामेश्वर सिन्हा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रभा यादव, सहायिका चमेली निर्मलकर सहित बच्चे उपस्थित थे।

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
15 मई दिन गुरूवार समय : सुबह 10:00 से 3 बजे
पता- सरकारी अस्पताल के पास, श्यामाचरण चौक, राजिम
गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी), लकवा,
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी,
जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
● रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
● घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
● कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया — एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन)
डॉ. एस. चौरसिया — एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार — 1 तोला, 5 नग — सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार — 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार — 2 नग — रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार — 3 नग — LED TV
सांत्वना पुरस्कार — 1100
नियम व शर्ते लागू
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

inh 24x7 बढ़ते भारत की आवाज | हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
Presents
आयुष्मान भवः
Health Conclave-2025
Sunday, 18 May 2025, Time : 5 PM
Hotel Babylon Capital, VIP Chowk, Raipur (C.G.)
अध्यक्षता — मान. डॉ. रमन सिंह — विधानसभा अध्यक्ष — छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि — मान. श्याम बिहारी जायसवाल — स्वास्थ्य मंत्री — छत्तीसगढ़
विशिष्ट अतिथि — मान. टी.एस. सिंह देव — पूर्व स्वास्थ्य मंत्री — छत्तीसगढ़
विशिष्ट अतिथि — मान. आई.पी. मिश्रा — चेयरमेन — श्री शंकराचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन एण्ड श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज
Supported by
Ramkrishna Care Hospitals, Shree Narayana Hospital, BALCO Medical Centre, Narayana Health, Suyash Hospital, श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल, Pahlajanis', Sanjeevani Cancer Care Hospital, Agrawal Hospital, Shri Ganesh Vinayak Eye Hospital, VY Hospital, UMH, We Care Hospital, Mark Hospital Bilaspur, Brain and Mind Clinic, SMC Super Speciality Hospital, Rajpriya Hospital, Vandana, Apex
Outdoor Partner
maa Ad Agency, Raghav Advertising